# Daily Current Affairs

Date : 19 July, 2025

UTKARSH CLASSES — CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति-2025 |
| 2. | हरियालो राजस्थान अभियान 2025 |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. तीजोत्सव और हस्तशिल्प मेला - बीकानेर हाऊ<br>2. मिशन जीवन सुरक्षा<br>3. बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार - पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत |
| 4. | रानी दुर्गावती और अहिल्याबाई होल्कर |
| 5. | युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन 2025 |
| 6. | 'गुड गवर्नेंस प्रैक्टिसेस' पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 |
| 7. | हुरुन इंडिया यूथ सीरीज़ 2025 |
| 8. | चर्चा में रहा देश : ब्रिटेन |
| 9. | स्टारलिंक को देश में अंतरिक्ष-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने की अनुमति |
| 10. | गुजरात आदिवासियों की जीनोम सीक्वेंसिंग करने वाला पहला राज्य |
| 11. | भारत का पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन |
| 12. | भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 |
| 13. | एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी 'वत्सला' |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 14. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. **फुट प्रोस्थेसिस (कृत्रिम पैर)** |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

# राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति-2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **18 जुलाई, 2025 को ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, पानी, सड़क सहित कई क्षेत्रों में राजस्थान को अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार ने महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।**
- **14 जुलाई, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक ने प्रदेश में गैस आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति, 2025 का अनुमोदन किया है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **अवधि : यह नीति 31 मार्च 2029 तक अथवा अन्य नीति लागू होने तक प्रभावी रहेगी।**
- **नीति के क्रियान्वयन : मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, इस समिति में राज्य स्तर पर निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, स्थानीय निकायों से संबंधित प्रकरणों हेतु नोडल अधिकारी भी होगें।**
- **प्रत्येक जिले में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट सिटी गैस कमेटी (DCGC) भी गठित की जाएगी।**
- **इस नीति से प्रदेशभर में सुविधाजनक, विश्वसनीय, पर्यावरण-अनुकूल और लागत-प्रभावी ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित होगी। जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित गैस आपूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेगी।**
- **घरेलू उपभोक्ताओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को पाइप्ड प्राकृतिक गैस (PNG) उपलब्ध कराने के साथ ही वाहनों के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) को प्रोत्साहन देने के क्रम में यह नीति महत्त्वपूर्ण है।**
- **इस नीति में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजन होगें।**
- **इस नीति के अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए अनुमति, भूमि आवंटन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सरल बनाया गया है।**
- **इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु CGD पोर्टल भी विकसित किया जाएगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट, 2024 में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनियों द्वारा राजस्थान सरकार के साथ 8 हजार 740 करोड़ रुपये के निवेश के लिए MOU हस्ताक्षरित किए गए थे।
- इस नीति से इन MOU का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी रूप से किया जा सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हरियालो राजस्थान अभियान 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 'भास्कर प्राइड ऑफ राजस्थान' के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 45 प्रतिभाओं को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्मानित किया।
- राजस्थान सरकार के सहयोग से दैनिक भास्कर राजस्थान में 'हरियालो राजस्थान अभियान' का आयोजन करेगा।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **भास्कर प्राइड अवॉर्ड : 4 पद्म विजेताओं समेत 45 व्यक्तित्व को भास्कर प्राइड अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।**
- **इनमें पद्मभूषण, पद्मश्री और ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित पंडित विश्व मोहन भट्ट, पद्मश्री कालबेलिया डांसर गुलाबो सपेरा, पद्मभूषण और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के फाउंडर DR मेहता, पद्मश्री भजन गायक मुन्ना मास्टर, सिंसियर आर्किटेक्ट इंजीनियर प्राइवेट लि. के डायरेक्टर अनूप बरतरिया, लटियाल हैंडीक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी राधेश्याम रंगा शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **तीजोत्सव और हस्तशिल्प मेला - बीकानेर हाउस**<br>♦ नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में 23 से 30 जुलाई, 2025 तक तीजोत्सव और हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जायेगा।<br>♦ मेले का उद्घाटन - राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत करेंगे। |
| 2. | **मिशन जीवन सुरक्षा**<br>♦ भारत सरकार द्वारा बैंक खाता धारकों हेतु संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के अंतर्गत राज्य की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों में क्रियाशील हम्माल, पल्लेदार और तुलारों के बैंक खाते खुलवाकर इन योजनाओं में बीमा करवाये जाने के लिए कृषि विपणन विभाग द्वारा मार्च, 2025 से 'मिशन जीवन सुरक्षा' संचालित किया जा रहा है।<br>♦ राज्य की कृषि उपज मंडियों में बैंक खातों से जुड़े क्रियाशील हम्माल व पल्लेदारों का PMJJBY में 94.76 प्रतिशत एवं PMSBY में 95.34 प्रतिशत बीमा करवाया जा चुका है। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 3. | **बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार - पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत**<br>♦ **राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के विद्याधर नगर में 3 से 6 वर्ष के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के लिए बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार के पायलट वितरण की शुरुआत की।**<br>♦ **इस नवाचार के लिए GIZ एवं PATH संस्था, हार्वेस्ट प्लस संस्था के सहयोग से जयपुर जिले के जयपुर प्रथम, सांगानेर ग्रामीण एवं उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र परियोजना फलासिया को पायलट के तहत चयनित किया गया है।** |
|---|---|


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## रानी दुर्गावती और अहिल्याबाई होल्कर

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, 2025-26 के लिए कक्षा 8 की नई NCERT में सामाजिक विज्ञान की पुस्तक के लिए बदलाव किए गए हैं। इन संशोधनों के तहत रजिया सुल्तान और नूरजहाँ को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है, जबकि रानी दुर्गावती और अहिल्याबाई होल्कर को नए अध्यायों के रूप में शामिल किया गया है।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **टीपू सुल्तान, हैदर अली, चार एंग्लो-मैसूर युद्धों के संदर्भ हटा दिए गए, जबकि एंग्लो-मराठा युद्धों से संबंधित अनुभागों को बरकरार रखा गया हैं।**

**रानी दुर्गावती :**

- **जन्म :** वर्ष 1524 में महोबा के चंदेल राजवंश (वर्तमान में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की सीमा के पास) में।
- **विवाह :** गोंड राजा संग्राम शाह के बेटे दलपत शाह से हुआ और वर्ष 1550 में पति की मृत्यु के बाद 16 वर्षों तक गढ़-कटंगा राज्य पर शासन किया।
- **गढ़-कटंगा साम्राज्य :** नर्मदा घाटी का क्षेत्र और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से गढ़-कटंगा साम्राज्य में शामिल थे।
- **गढ़-कटंगा पर मुगल आक्रमण :** 16वीं शताब्दी के मध्य में मुगल साम्राज्य के विस्तार का विरोध करते हुए अकबर के सेनापति आसफ खान और पड़ोसी मालवा के सुल्तान बाज बहादुर के विरुद्ध युद्ध किया।

**अहिल्याबाई होल्कर :**

- **जन्म :** 31 मई, 1725 ई. को चोंडी, अहमदनगर (महाराष्ट्र) में हुआ था। (31 मई, 2025 को 300वीं जयंती)।
- **विवाह :** वर्ष 1733 में मल्हार राव होल्कर के पुत्र खांडेराव होल्कर से हुआ था (मल्हार राव होल्कर- मालवा के शासक और होल्कर वंश के संस्थापक)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इन्होंने मल्हार राव होलकर और मालेराव होलकर की मृत्यु के बाद मालवा की बागडोर संभाली और वर्ष 1767 में इंदौर की शासिका बनीं।
- **सेनापति :** अहिल्याबाई ने तुकोजी राव होल्कर को सेनापति नियुक्त किया।
- **महेश्वर राजधानी :** मध्य प्रदेश में महेश्वर को होल्कर राजवंश की राजधानी बनाया।
- **सांस्कृतिक योगदान :** सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया।
- **दरबारी विद्वान :** खुशाली राम, मराठी कवि मोरोपंत और शाहीर अनंतफंदी विद्वानों को संरक्षण दिया।

**बेगम हज़रत महल :**

- **मूल नाम :** मुहम्मदी खानम।
- **विवाह :** नवाब वाजिद अली शाह
- अवध के अंतिम नवाब, नवाब वाजिद अली शाह को कलकत्ता निर्वासित कर वर्ष 1856 में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अवध पर कब्ज़ा कर लिया तथा अवध का विघटन कर दिया गया।
- हज़रत महल और उनके बेटे बिरजिस कादिर ने लखनऊ लौटने का फैसला किया तथा 1857 के विद्रोह के दौरान लखनऊ में विद्रोह का नेतृत्व किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मराठा रानी ताराबाई :

- **जन्म : वर्ष 1675 में जन्मी, रानी ताराबाई तलवारबाज़ी, तीरंदाज़ी, घुड़सवारी, कूटनीति और राजकाज की अन्य कलाओं में पारंगत थीं।**
- **18वीं शताब्दी के आरंभ में, छत्रपति शिवाजी की सेना के सेनापति हंबीर राव मोहिते की पुत्री और योद्धा रानी ताराबाई ने मराठा राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**
- **विवाह : शिवाजी के दूसरे पुत्र राजाराम प्रथम से हुआ था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **19 से 20 जुलाई, 2025 तक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय पर 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' का आयोजन कर रहा हैं।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **उद्देश्य : नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध भारत की आध्यात्मिक विरासत और युवा शक्ति में निहित सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प को बढ़ावा देना।**
- **चार पूर्ण सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों- व्यसन के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव को समझना, नशीली दवाओं की आपूर्ति और तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना, प्रभावी जमीनी स्तर पर अभियान और संचार रणनीतियाँ और नशा मुक्त भारत के निर्माण हेतु एक प्रारूप तैयार करने पर चर्चा की जाएगी।**
- **शिखर सम्मेलन का समापन 20 जुलाई को 'काशी घोषणापत्र' के विमोचन के साथ किया जाएगा।**
- **युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, नशा विरोधी मूल्य आधारित युवा आंदोलन की शुरुआत की दिशा में मंत्रालय के व्यापक मिशन का हिस्सा है।**


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ‘गुड गवर्नेंस प्रैक्टिसेस’ पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **17 से 18 जुलाई, 2025 को भुवनेश्वर में कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा ओडिशा सरकार के सहयोग से “सुशासन प्रथाएं” विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह सम्मेलन राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय लोक प्रशासन संगठनों को एक मंच पर लाने का एक प्रयास है, ताकि वे लोक प्रशासन में नवाचारों, जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भविष्य के सार्वजनिक समाधान में परिवर्तन, सुशासन, डिजिटल शासन आदि पर अपने अनुभव साझा कर सकें।**
- **इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कारों से सम्मानित पहलों पर प्रकाश डाला गया तथा उनका सम्मान किया गया।**
- **इस राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर पांच पूर्ण सत्र आयोजित किए गए- पहले सत्र का आयोजन "प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत पहल 2024 (जिलों का समग्र विकास)" विषय पर, दूसरा "प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत पहल 2024 (आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम)" विषय पर किया गया।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना 2025**

- **प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 1 जुलाई, 2025 को केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों और जिलों को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना 2025 को अधिसूचित किया।**
- **प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और नामांकन प्रस्तुत करने हेतु वेब पोर्टल औपचारिक रूप से 2 अक्टूबर, 2025 से शुरू किया जाएगा।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार योजना की संपूर्ण अवधारणा और प्रारूप का उद्देश्य रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम विधियों के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करना है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **वर्ष 2025 के लिए, लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना का उद्देश्य तीन श्रेणियों के अंतर्गत लोक सेवकों के योगदान को मान्यता देना है -**
  - **श्रेणी I - 11 प्राथमिकता क्षेत्र कार्यक्रमों के अंतर्गत जिलों का समग्र विकास। इस श्रेणी के अंतर्गत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।**
  - **श्रेणी II - आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम। इस श्रेणी के अंतर्गत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।**
  - **श्रेणी III - केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों और जिलों के लिए नवाचार। इस श्रेणी के अंतर्गत 6 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ।**
- **प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना, 2025 में -**

**i. ट्रॉफी**

**ii. स्क्रॉल**

**iii. पुरस्कृत जिले/संगठन को 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि, जिसका उपयोग परियोजना/कार्यक्रम के कार्यान्वयन या लोक कल्याण के किसी भी क्षेत्र में संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए किया जाएगा।**

**प्रधानमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 :**

- **21 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 17 वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नवाचार (केंद्र) श्रेणी में महिला और बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) द्वारा विकसित पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन को प्रदान किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हुरुन इंडिया यूथ सीरीज़ 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वेंडस वेल्थ के सहयोग से जारी हुरुन इंडिया यूथ सीरीज़ 2025 के पहले संस्करण में भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 30 वर्ष और उससे कम आयु के 79 युवा नेताओं को सम्मानित किया गया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- इसमें शामिल उद्यमियों ने 25 मिलियन डॉलर (पहली पीढ़ी) या 50 मिलियन डॉलर (अगली पीढ़ी के नेता) से अधिक मूल्यांकन वाले उद्यमों की स्थापना या सह-नेतृत्व किया।
- **शीर्ष संस्थान :** 8 पूर्व छात्रों के साथ, बिट्स पिलानी सभी स्नातक संस्थानों में शीर्ष पर है, इसके पश्चात् IIT रुड़की और IIT दिल्ली, 6-6 पूर्व छात्रों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- शहरों के संदर्भ में, मुंबई ने भारत की वित्तीय राजधानी के रूप में अपना प्रभुत्व फिर से स्थापित किया है, जहाँ 15 उद्यमी शीर्ष पर हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **भारत के शीर्ष सबसे युवा उद्यमी :**

| नाम | आयु | कंपनी |
|---|---|---|
| कैवल्य वोहरा | 22 | ज़ेप्टो |
| आदित पालीचा | 22 | ज़ेप्टो |
| AVR स्मरण | 22 | AVR स्वर्णा महल ज्वैलर्स |
| अर्जुन देशपांडे | 22 | जेनरिक आधार |
| शिव ए संकेश्वर | 23 | विजयानंद ट्रैवल्स |

- **भारत की शीर्ष  सबसे युवा महिला उद्यमी :**

| नाम | आयु | कंपनी |
|---|---|---|
| देविका घोल | 28 | ऑप्ट्रास्कैन |
| देवांशी केजरीवाल | 28 | स्किलमेटिक्स |
| राधिका अंबानी | 30 | एनकोर हेल्थकेयर |
| अनन्याश्री बिड़ला | 30 | स्वतंत्र माइक्रोफ़िन |

- **शीर्ष 5 उद्योगों का प्रतिनिधित्व :**

| उद्योग | प्रवेशक की संख्या | प्रख्यात कंपनियाँ |
|---|---|---|
| सॉफ्टवेयर उत्पाद और सेवाएँ | 21 | पर्प्लेक्सिटी, ज़ूप |
| उपभोक्ता वस्तुएँ | 12 | मिसेज़ बेक्टर्स फ़ूड स्पेशलिटीज़ |
| वित्तीय सेवाएँ | 9 | भारतपे, स्वतंत्र माइक्रोफ़िन |
| स्वास्थ्य सेवा | 8 | एनकोर हेल्थकेयर, क्यूपिड, ऑप्ट्रास्कैन |
| एयरोस्पेस और रक्षा | 7 | पिक्सेल, दिगंतारा |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चा में रहा देश : ब्रिटेन

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **लोकतंत्र में जनता का विश्वास बढ़ाने और समान मताधिकार के उद्देश्य से ब्रिटेन की लेबर सरकार ने मतदान की आयु 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने का निर्णय लिया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह लेबर पार्टी का एक चुनावी वादा है और वर्ष 1969 के बाद से सबसे बड़ा बदलाव है, जब मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी।**
- **सुधारों के तहत स्वीकार्य मतदाता पहचान-पत्रों का विस्तार किया जाएगा, जिसमें ब्रिटेन द्वारा जारी बैंक कार्ड और मौजूदा पहचान-पत्रों के डिजिटल प्रारूप, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस और वेटरन कार्ड, भी शामिल किए जाएंगे।**
- **ब्रिटिश सरकार के अनुसार पूरे ब्रिटेन में मतदान के अधिकारों को समान रूप से लागू किया जाएगा, जहाँ युवा मतदाता पहले से ही स्कॉटलैंड और वेल्स में विकेंद्रीकृत चुनावों में भाग लेते हैं।**
- **संसदीय रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में 16 और 17 वर्ष के लगभग 16 लाख युवा हैं। पिछले वर्ष 2024 के आम चुनाव में मतदान 59.7% था, जो 2001 के बाद से सबसे कम रहा। अगला चुनाव वर्ष 2029 में होगा।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **विश्व स्तर पर, अधिकांश देशों में मतदान की आयु 18 वर्ष है, हालाँकि पिछले वर्ष यूरोपीय संसद के चुनावों में यूरोपीय संघ के सदस्यों को 16 वर्ष की आयु से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया था, यह पहल जर्मनी, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया और माल्टा ने की थी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### स्टारलिंक को देश में अंतरिक्ष-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने की अनुमति

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **भारत के अंतरिक्ष नियामक इनस्पेस (INSPACe) ने हाल ही में, एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को देश में अंतरिक्ष-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **INSPACe ने स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड को लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) सैटेलाइट समूह अर्थात् स्टारलिंक Gen1 कॉनस्टेलेशन को अधिकृत किया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह अनुमति 8 जुलाई, 2025 से पांच वर्ष की अवधि या स्टारलिंक Gen1 कॉनस्टेलेशन के परिचालन जीवन के अंत तक, जो भी पहले हो के लिए वैध रहेगी।
- स्टारलिंक Gen1 कॉनस्टेलेशन पृथ्वी की परिक्रमा करने वाला एक वैश्विक उपग्रह समूह है, जिसमें 4,408 उपग्रह शामिल हैं।
- ये उपग्रह 540 से 570 किलोमीटर की ऊँचाई पर परिक्रमा करते हैं और भारत में लगभग 600 GBPS की इंटरनेट क्षमता प्रदान करने में सक्षम हैं।
- पारंपरिक उपग्रह सेवाओं के विपरीत, जो दूरस्थ भू-स्थिर (जियोस्टेशनरी) उपग्रहों पर निर्भर रहते हैं, स्टारलिंक दुनिया के सबसे बड़े लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) उपग्रह समूह का उपयोग करता है।
- स्टारलिंक ने भारत की दो प्रमुख दूरसंचार कंपनियों; रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के साथ समझौते किए हैं। ये दोनों कंपनियां मिलकर भारत के दूरसंचार बाजार का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा नियंत्रित करती हैं।

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**


**IN-SPACe:**

- **पूरा नाम:** इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथॉराइजेशन सेण्टर (IN-SPACe)
- **स्थापना:** वर्ष 2020 में।
- निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए, सरकार ने एकल-खिड़की, स्वतंत्र, नोडल एजेंसी के रूप में IN-SPACe की स्थापना की।
- **संबद्ध विभाग:** अंतरिक्ष विभाग (DoS)
- **उद्देश्य:** अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना।
- भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था जिसका वर्तमान मूल्य $8.4 बिलियन है, को बढ़ाकर वर्ष 2033 तक $44 बिलियन तक करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गुजरात आदिवासियों की जीनोम सीक्वेंसिंग करने वाला पहला राज्य

## चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, गुजरात सरकार ने आदिवासी समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु जीनोम सीक्वेंसिंग परियोजना की शुरुआत की है।

## मुख्य बिंदु :

- यह परियोजना राज्य के 17 जिलों में लागू की जाएगी।
- इस कदम से गुजरात, देश का पहला राज्य बन गया है जिसने आदिवासी समुदाय के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग परियोजना शुरू की है।
- इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समूहों के बीच आनुवंशिक स्वास्थ्य जोखिमों को समझना और उसका डाटाबेस तैयार करना है।
- इस परियोजना की घोषणा आदिवासी विकास मंत्री ने गांधीनगर में विशेषज्ञों व हितधारकों के साथ बैठक के बाद की।
- परियोजना का क्रियान्वयन गांधीनगर स्थित गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र द्वारा किया जाएगा।
- इस परियोजना के माध्यम से जन्मजात प्रतिरक्षा, कैंसर, सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया जैसी आनुवंशिक बीमारियों की पहचान संभव होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### जीनोम सीक्वेंसिंग:

- **जीनोम सीक्वेंसिंग, संपूर्ण जीनोम के विश्लेषण की एक उन्नत और विस्तृत विधि है।**
- **यह तकनीक वंशानुगत विकारों और कैंसर जैसी बीमारियों के प्रगति कारकों की पहचान करने में सहायक होती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत का पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **भारत दुनिया का पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन बना रहा है, जो दुश्मन के हाईरेज रडार और इंफ्रारेड सिग्नल्स से बचने के साथ ही सेकंड्स से भी कम समय में अटैक कर सकेगा।**



## ➲ मुख्य बिंदु :

- **इस ड्रोन को हैदराबाद की स्टार्टअप कंपनी वीरा डायनामिक्स और बिनफोर्ड रिसर्च लैब रक्षा मंत्रालय की सहायता से तैयार किया जा रहा है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन की विशेषताएँ :

- **ड्रोन का वजन 100 kg है। यह 50 किलोग्राम तक पेलोड ले जा सकते हैं।**
- **'रामा' कवच : रडार अब्सॉर्शन एंड मल्टीस्पेक्ट्रल अडैप्टिव।**
  - **यह स्वदेशी कोटिंग मटेरियल है, जो रडार और इंफ्रारेड की पहचान को 97% तक कम कर देता है।**
- **भारतीय सेना को लाभ : 100 हमलावर ड्रोन में से 25-30 ही लक्ष्य तक पहुँचते हैं। लेकिन यह ड्रोन 80-85 लक्ष्य भेद सकेगा।**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **वर्तमान में अमेरिका, चीन और रूस के पास सिर्फ रडार से छुपने वाले स्टेल्थ ड्रोन हैं।**

### रामा मटेरियल :

- **यह नैनोटेक आधारित स्टेल्थ कोटिंग है, जो रडार और इंफ्रारेड स्पेक्ट्रम में दृश्यता को कम करती है। इसे पेंट या रैप के रूप में ड्रोन पर लगाते हैं।**
- **यह कार्बन पदार्थों का मिश्रण है, जो रडार तरंगों को अवशोषित करता है और ऊर्जा को ऊष्मा के रूप में नष्ट करता है, जिससे तापीय संकेतक 1.5 सेल्सियस प्रति सेकंड कम हो जाते हैं। इसे वीरा डायनामिक्स ने बनाया है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **21 दिसंबर, 2024 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने वन अनुसंधान संस्थान (FRI), देहरादून में 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023' का विमोचन किया।**



### ➲ मुख्य बिंदु :

- भारत में वर्ष 1987 से भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा द्विवार्षिक आधार पर भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR) को प्रकाशित किया जा रहा है।
- भारतीय वन सर्वेक्षण (FRI) सुदूर संवेदन उपग्रह आँकड़ों और फील्ड आधारित राष्ट्रीय वन इन्वेंट्री (NFI) के निर्वचन के आधार पर देश के वन और वृक्ष संसाधनों का गहन आकलन करता है और इसके परिणाम भारत वन स्थिति रिपोर्ट में प्रकाशित किए जाते हैं।
- भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 इस श्रृंखला की 18वीं रिपोर्ट है।
- देश का वन एवं वृक्ष आवरण 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है, जिसमें 7,15,343 वर्ग किलोमीटर (21.76 प्रतिशत) वनावरण और 1,12,014 वर्ग किलोमीटर (3.41 प्रतिशत) वृक्ष आवरण है।
- वर्ष 2021 की तुलना में, देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग किलोमीटर और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि शामिल है।

**वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य:**

1. छत्तीसगढ़ (684 वर्ग किलोमीटर)

2. उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किलोमीटर)

3. ओडिशा (559 वर्ग किलोमीटर)

4. राजस्थान (394 वर्ग किलोमीटर) हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### वनावरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष तीन राज्य:

1. मिजोरम (242 वर्ग किलोमीटर)

2. गुजरात (180 वर्ग किलोमीटर)

3. ओडिशा (152 वर्ग किलोमीटर)

### क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे अधिक वन एवं वृक्ष आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य:

1. मध्य प्रदेश (85,724 वर्ग किलोमीटर)

2. अरुणाचल प्रदेश (67,083 वर्ग किलोमीटर)

3. महाराष्ट्र (65,383 वर्ग किलोमीटर)

### क्षेत्रफल की दृष्टि से सर्वाधिक वनावरण वाले शीर्ष तीन राज्य:

1. मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग किलोमीटर)

2. अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किलोमीटर)

3. छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग किलोमीटर)

- कुल भौगोलिक क्षेत्रफल की तुलना में वन आवरण के प्रतिशत की दृष्टि से, लक्षद्वीप (91.33 प्रतिशत) में सबसे अधिक वन आवरण है, जिसके बाद मिजोरम (85.34 प्रतिशत) और अंडमान एवं निकोबार द्वीप (81.62 प्रतिशत) का स्थान है।

- वर्तमान आकलन से यह भी ज्ञात होता है कि 19 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में 33 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र वनावरण के अंतर्गत हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इनमें से आठ राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों; जैसे - मिजोरम, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में 75 प्रतिशत से अधिक वनावरण है।
- कुल कच्छ वनस्पति आवरण 4,992 वर्ग किलोमीटर है।
- देश में बांस धारित क्षेत्र का विस्तार 1,54,670 वर्ग किलोमीटर अनुमानित है।
- वर्ष 2021 में किए गए पिछले आकलन की तुलना में बांस क्षेत्र में 5,227 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।
- वर्तमान आकलन में देश के वनों में कुल कार्बन स्टॉक 7,285.5 मिलियन टन अनुमानित किया गया है।
- पिछले आकलन की तुलना में देश के कार्बन स्टॉक में 81.5 मिलियन टन की वृद्धि हुई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एशिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी 'वत्सला'



## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, पन्ना टाइगर रिजर्व में एशिया की सबसे बुजुर्ग (100 वर्षीय) हथिनी 'वत्सला' का निधन हुआ।

## मुख्य बिंदु :

### पन्ना टाइगर रिज़र्व :

- पन्ना रिज़र्व भारत का 22वाँ और मध्य प्रदेश का 5वाँ टाइगर रिज़र्व है।
- यह विन्ध्यन पर्वतमाला में स्थित है और पन्ना व छतरपुर जिलों के हिस्सों को शामिल करता है।
- इसकी स्थापना 1981 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में हुई और 1994 में टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया।
- इसमें 1975 में बना गंगऊ वन्यजीव अभयारण्य भी इसमें शामिल है।
- यह क्षेत्र पहले पन्ना, छतरपुर और बिजावर की रियासतों का शिकार स्थल था।
- यहाँ शुष्क पर्णपाती वन और घास के मैदान प्रमुख हैं।
- उत्तर दिशा में सागौन के जंगल और पूर्व में सागौन-करधई मिश्रित वन सीमाएँ बनाते हैं।
- यह बाघ, भालू, तेंदुआ और लकड़बग्घों की प्रमुख आबादी का निवास स्थान है।
- अन्य मांसाहारी जीवों में सियार, भेड़िये, जंगली कुत्ते, बिल्लियाँ और धब्बेदार जंगली बिल्ली शामिल हैं।
- विंध्य पर्वत श्रृंखलाएँ पूर्वी और पश्चिमी वन्यजीव आबादी को जोड़ने में सहायक हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **फुट प्रोस्थेसिस (कृत्रिम पैर)**<br><br>♦ हाल ही में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (DRDL) और एम्स-बीबीनगर द्वारा तेलंगाना में पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित उच्च-प्रोफ़ाइल उन्नत कार्बन फाइबर आधारित फुट प्रोस्थेसिस का अनावरण किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR